पाक्षिक



खबर आस पास
RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com


वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : बुधवार 21 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

जयपुर में 105 फीट के रावण का दहन : अलवर में रावण की आंखों से निकले आंसू, उदयपुर में हनुमानजी ने लंका जलाई

जयपुर कासं। राजस्थान में आज (मंगलवार) विजयादशमी यानी दशहरा पर जयपुर समेत अधिकांश जिलों में रावण के पुतले का दहन हुआ। अजमेर के पटेल स्टेडियम में 125 ड्रोन ने आसमान में जय श्री राम लिखा। अलवर में दहन से पहले रावण की आंखों से आंसू निकलने लगे।

अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रावण पर गदा से प्रहार किया। उदयपुर में हनुमानजी ने लंका जलाई। श्रीगंगानगर में 70 फीट ऊंचे रावण की आंख और मुंह से आग निकल रही थी। जोधपुर में इलेक्ट्रिक बटन दबाते ही रावण का पुतला जलने लगा।

कोटा के दशहरा मैदान में 105 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले पूर्व राजपरिवार के सदस्य इज्यराज सिंह ने विधि-विधान के साथ ज्वारा पूजन और सीता जी के पाने का पूजन किया। इसके बाद इज्यराज सिंह ने तीर चलाकर रावण की नाभि के अमृत कलश को फोड़ा। इसके बाद 15 मिनट में रावण का कुनबा जल गया।



सुजानगढ़ में सैकड़ों लोगों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया

सुजानगढ़ के एनके लोहिया स्टेडियम में नगर परिषद की ओर से आयोजित दशहरा महोत्सव में 51 फीट ऊंचे रावण और 30-30 फीट ऊंचे मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान स्टेडियम में सैकड़ों लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

कोटपूतली में रावण की गर्दन टूटी

कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नारायणपुर में 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। शहर के कृषि उपज मंडी के मैदान में कार्यक्रम से पहले क्रेन की मदद से पुतले को सीधा करने के दौरान उसकी गर्दन टूट गई। इसके बाद टूटी गर्दन के पुतले का ही दहन किया गया।

कोटा में 15 मिनट में जला रावण का कुनबा

दशहरा मैदान में 105 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले पूर्व राजपरिवार के सदस्य इज्यराज सिंह ने विधि-विधान के साथ ज्वारा पूजन और सीता जी के पाने का पूजन किया। इसके बाद इज्यराज सिंह ने तीर चलाकर रावण की नाभि के अमृत कलश को फोड़ा। इसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम शुरू हुआ। 15 मिनट में रावण का कुनबा जलकर राख हुआ।

अजमेर में पहली बार दशहरा के कार्यक्रम में कांग्रेस के पार्षद नहीं पहुंचे

अजमेर में पहली बार नगर निगम के दशहरा, गरबा और रावण दहन कार्यक्रमों में कांग्रेस पार्षद शामिल नहीं हुए। कांग्रेसियों ने गढ़वाल पैलेस में दशहरा महोत्सव मनाया। गढ़वाल पैलेस में पहुंचने पर राम बारात का स्वागत किया गया। यहां भगवान राम और रावण की सेना में युद्ध हुआ। तोपदड़ा फाटक के पास गायत्री मंदिर से राम बारात रवाना हुई।

अमित शाह की मानसा में झोटा के परिवार से मुलाकात

संगरूर में सुसाइड करने वाले गुलजार के परिजनों से कहा- 2 महीने में इंसाफ मिलेगा



नई दिल्ली एजेन्सी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज (20 अक्टूबर) पंजाब दौरे पर हैं। वह मानसा पहुंच गए हैं। यहां वह नशे का विरोध करने पर कत्ल किए गए नशा विरोधी एक्टिविस्ट परविंदर झोटा के परिवार से मिल रहे हैं।

इससे पहले वह संगरूर में क्रमंत्री हरपाल चीमा से सवाल पूछने को लेकर तंग किए जाने के बाद सुसाइड करने वाले गुलजार के परिजनों से मिले। उन्होंने परिजनों को 2-3 महीने में इंसाफ मिलने का आश्वासन दिया। अमित शाह ने कहा कि वह गुलजार के भोग (अंतिम अरदास) में आएंगे।

पंजाब दौरे में सबसे पहले उन्होंने गुरदासपुर में बिक्रमजीत के परिवार से 15 मिनट तक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिक्रमजीत की मां सुरजीत कौर के पैर छुए। अमित शाह ने परिवार को CBI जांच और इंसाफ का भरोसा दिया। मानसा में झोटा के परिवार से मिलने के बाद शाम के समय वह लुधियाना के दरेसी ग्राउंड में शहर के सबसे बड़े दशहरे मेले में हिस्सा लेकर रावण दहन करेंगे। इन तीनों मामलों में केंद्रीय गृह मंत्रालय पंजाब सरकार से रिपोर्ट तलब कर चुका है। वहीं शाह के दौरे से पहले पंजाब CM भगवंत मान ने मानसा के एक्टविस्ट परविंदर झोटा की हत्या की CBI जांच का ऐलान कर दिया।

जयपुर के कैफे पर पुलिस रेड, 26 युवक-युवती पकड़े

कैफे की आड़ में चल रहा था हुक्का-बार, पुलिस दबिश पर नशा करते मिले युवा

जयपुर कासं। जयपुर के कैफे पर सोमवार रात पुलिस ने रेड कर 26 युवक-युवतियों को पकड़ा। यहां कैफे की आड़ में हुक्का-बार चलाया जा रहा था। लोग नशा कर रहे थे। पुलिस ने कैफे मैनेजर के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत स्वतःदर्ज कर हुक्का-बार का सामान जब्त किया है। मामला आदर्श नगर थाना क्षेत्र का है। जयपुर स्पेशल कमिश्नर ओम प्रकाश के निर्देश पर सीएसटी टीम ने राजपार्क स्थित NINEÓS BEANS कैफे में सोमवार देर रात रेड डाली। पुलिस को सूचना मिली थी कि कैफे की आड़ में हुक्का-बार चलाया जा रहा है। कैफे में हुक्का-बार चला युवाओं को नशा परोसा जा रहा है। सीएसटी टीम के देर रात कैफे में दबिश देने पर बड़ी संख्या में युवा हुक्का-बार से नशा करते मिले।

हुक्के का सामान भी मिला

पुलिस रेड के दौरान हुक्का पीते मिले युवक-युवतियों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने नशा करते मिले 26 युवक-युवतियों को राउंडअप किया। पुलिस ने हुक्का-बार में मिले 20 हुक्के, 60 पाइप और दर्जनों फ्लेवर तम्बाकू के डब्बों को जब्त किया गया है।

ऊर्जामंत्री ने घायल युवती को उठाकर एस्कॉर्ट-वाहन से हॉस्पिटल भेजा

रोड पर पड़ा देख रुके थे; कार ने बाइक को मारी थी टक्कर, पिता की मौत



कोटा कासं। कोटा में बाइक सवार पिता-बेटी को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई। बेटी घायल है। वहां से गुजर रहे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सड़क पर गिरे पिता-बेटी को देखा तो तुरंत अपना काफिला रुकवाया और मदद में जुट गए। हादसा कैथून थाना क्षेत्र में सोमवार को नेशनल हाईवे-27 पर ताथेड़ डिपो के पास हुआ।

मंत्री ने खुद घायल युवती को उठाकर एस्कॉर्ट वाहन में बैठाया। इसके बाद 108 एंबुलेंस के पहुंचने पर पिता को भी एमबीएस हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। घायल बेटी का इलाज चल रहा है।

पिता-बेटी लौट रहे थे गांव

रामराजपुरा निवासी बनवारीलाल मीणा अपनी बेटी सिमरन मीणा के साथ किसी काम से ताथेड़ आए थे। काम पूरा होने के बाद दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। ताथेड़ डिपो के पास पीछे से आ रही ईको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पिता-बेटी सड़क पर गिर गए।

हादसे के समय ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर पंचायत चुनाव के जनसंपर्क कार्यक्रम में जा रहे थे। उन्होंने घायलों को देखकर अपना काफिला रुकवाया और मदद के लिए आगे आए। मंत्री ने युवती के साथ एक पुलिसकर्मी को भी हॉस्पिटल भेजा था। बाद में मंत्री ने फोन करके डॉक्टरों से घायल युवती के इलाज की जानकारी ली और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मनरेगा की जगह वी-बी-रामजी लाना सामाजिक सुरक्षा पर सर्जिकल स्ट्राइक, कांग्रेस का हमला



नई दिल्ली एजेन्सी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) की जगह 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम' (जिसे VB-G RAM G कहा जाता है) लाकर, ग्रामीण भारत के सामाजिक सुरक्षा तंत्र पर एक तरह की 'सर्जिकल स्ट्राइक' की है। 20 अक्टूबर को 'X' पर एक पोस्ट में, रमेश ने महाराष्ट्र में कथित अनियमितताओं की खबरों का जिक्र किया। महाराष्ट्र के कई जिलों में, जिनमें बीड भी शामिल है, पिछले एक दशक का सबसे भीषण सूखा पड़ा है। उन्होंने दावा किया कि इस नई योजना ने संकट के समय ग्रामीण मजदूरों को मिलने वाले सहारे को कमजोर कर दिया है। उन्होंने लिखा कि महाराष्ट्र के बीड और अन्य जिलों में पिछले एक दशक का सबसे भीषण सूखा पड़ा है। ऐसे बेहद मुश्किल समय में मनरेगा (MGNREGA) एक तरह से सहारे की गारंटी था। लेकिन इसकी जगह VB-G RAM G को लाना, ग्रामीण भारत को सुरक्षा देने वाले सामाजिक सुरक्षा तंत्र पर एक 'सर्जिकल स्ट्राइक' से कम नहीं है। 'स्क्रॉल' (Scroll) की एक विस्तृत ज़मीनी जांच का हवाला देते हुए, रमेश ने आरोप लगाया कि कई ग्रामीणों ने महीनों से कोई काम नहीं किया है, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें काम पर लगा हुआ दिखाया गया है। उन्होंने दावा किया कि स्थानीय राजनेता - जो कथित तौर पर सत्ताधारी दल से जुड़े हैं - मजदूरों की मजदूरी हड़प रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्क्रॉल' के एक रिपोर्टर की इस विस्तृत ज़मीनी जांच से पता चला है कि ज़्यादातर ग्रामीणों ने महीनों से कोई काम नहीं किया है, जबकि कागज़ों पर उन्हें काम करते हुए दिखाया गया है। इसके बजाय, स्थानीय राजनेता उनकी मजदूरी अपनी जेब में डाल रहे हैं - और इसमें कोई शक नहीं कि ये लोग सत्ताधारी दल से जुड़े हैं। रमेश ने उत्तर प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी (BJP) शासित अन्य राज्यों में सामने आए फर्जी उपस्थिति और क्लोन एप्लिकेशन से जुड़े घोटालों का भी हवाला दिया। उन्होंने इसे 'सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि मजदूरों की मजदूरी की व्यवस्थित चोरी' करार दिया और सरकार पर 'ग्रामीण मजदूरी चोरी' को पूरी तरह से अंजाम देने का आरोप लगाया।

जनगणना नियमों में संशोधन वापस लेने के लिए राष्ट्रपति हस्तक्षेप करें : माकपा

नयी दिल्ली, एजेन्सी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एमए बेबी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर जनगणना नियमों में किए गए संशोधनों को वापस लेने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। श्री बेबी ने 16 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित जनगणना (संशोधन) नियम, 2026 पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे जनगणना कर्मियों की नियुक्ति में निजी संस्थानों के कर्मचारियों और सरकार द्वारा उपयुक्त माने जाने वाले किसी भी व्यक्ति को शामिल करने का रास्ता खुल गया है।

शेख हसीना बोलीं- सरकार गिरफ्तार या टॉर्चर कर सकती है

फिर भी दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी; 2024 में छात्र आंदोलन के बाद भारत आई थीं



नई दिल्ली एजेन्सी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा है कि वह दिसंबर में अपने देश लौटेंगी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश की मौजूदा तारिक रहमान सरकार मुझे गिरफ्तार कर सकती है, मार सकती है या टॉर्चर कर सकती है, लेकिन कितना भी खतरा हो, मुझे इसकी परवाह नहीं है। मुझे अपने देश लौटना ही है।

उन्होंने आगे कहा कि वह तारिक रहमान की सरकार से डरती नहीं हैं और अपने देश वापस लौटना उनकी जिम्मेदारी है।

हसीना अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। तब से वह भारत में रह रही हैं।

हसीना ने भारत सरकार को शुक्रिया कहा

शेख हसीना ने मुश्किल समय में उन्हें शरण देने के लिए भारत सरकार और लोगों का शुक्रिया किया। उन्होंने 1975 की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भी भारत ने उन्हें सहारा दिया था।

हसीना ने कहा,

मैं भारत सरकार, यहां के लोगों और सभी राजनीतिक दलों की शुक्रगुजार हूं। उन्होंने मुझे वैसे ही अपनाया, जैसे 1975 में अपनाया था। दरअसल, 1975 में बांग्लादेश में सैन्य तख्तापलट के दौरान हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी गई थी। वह बांग्लादेश के संस्थापक थे। इस घटना में हसीना की मां, उनके तीन भाइयों और परिवार के कई दूसरे सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। उस समय हसीना और उनकी बहन अपनी जान बचाने और सुरक्षा के लिए भारत आई थीं।

हसीना बोलीं- मेरे खिलाफ मामले चलाकर विपक्ष को दबाया जा रहा

शेख हसीना ने बांग्लादेश की मौजूदा सरकार पर आरोप लगाया कि वह उनके और उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ आपराधिक मामले चलाकर विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं पर लगे आरोपों का फैसला निष्पक्ष सुनवाई के जरिए होना चाहिए। उनके मुताबिक, बांग्लादेश के लोगों को स्वतंत्र और सभी को शामिल करने वाली लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए अपनी सरकार चुनने का मौका मिलना चाहिए।

हसीना के भारत आने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव

शेख हसीना के भारत आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव बना हुआ है। बांग्लादेश की तारिक रहमान सरकार का कहना है कि हसीना की वापसी कानूनी प्रक्रिया के तहत होगी। बांग्लादेश सरकार हसीना को भगोड़ा अपराधी बताती है। उसने भारत से कहा है कि हसीना को भारतीय जमीन से राजनीतिक गतिविधियां करने या राजनीतिक बयान देने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।दूसरी ओर, बांग्लादेश में भारत के हाई कमिश्नर दिनेश त्रिवेदी ने कहा था कि शेख हसीना को पनाह देना भारत की मजबूरी थी। अगर भारत उन्हें उतरने की अनुमति नहीं देता तो स्थिति खराब हो सकती थी।

राष्ट्रपति ट्रम्प का इलॉन मस्क को धन्यवाद: बोले-अमेरिकी बच्चों को स्पेसएक्स के शेयर देकर दरियादिली दिखाई



नई दिल्ली एजेन्सी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इलॉन मस्क को अमेरिका के हर बच्चे को स्पेसएक्स का एक शेयर गिफ्ट करने की बात के लिए धन्यवाद दिया है। कल यानी 19 अक्टूबर को मस्क ने कहा था कि अलगे साल अमेरिका के हर बच्चे को उनकी रॉकेट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स का एक शेयर गिफ्ट करेंगे। यह घोषणा 3 नवंबर को अमेरिका में होने वाले मिड-टर्म चुनावों से पहले आई है।

एक्स पर पोस्ट कर लिखा- दोस्त इलॉन मस्क का बहुत-बहुत धन्यवाद

हमारे दिग्गज दोस्त इलॉन मस्क का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने 'ट्रंप अकाउंट्स' के जरिए लाखों अमेरिकी बच्चों को स्पेसएक्स के शेयर देने का एलान करने अपनी दरियादिली दिखाई है! जब हमने 'ट्रंप अकाउंट्स' बनाए थे, तब ठीक यही सोचा गया था।

महान प्राइवेट सेक्टर, इलॉन और ऐसे कई अन्य लोगों को एक साथ लाना, ताकि हमारे बच्चों में निवेश किया जा सके, जो कि हमारी सबसे बड़ी और सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति हैं, और हर अमेरिकी बच्चे को 'अमेरिकन ड्रीम' का एक हिस्सा दिया जा सके। थैंक यू इलॉन! राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प

इस पर 1 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे

अभी स्पेसएक्स के एक शेयर की कीमत 146 डॉलर यानी करीब 14 हजार रुपए के बराबर है। अमेरिका में करीब 7.2 करोड़ बच्चे हैं। ऐसे में बांटे जाने वाले शेयर्स का मूल्य 1 लाख करोड़ रुपए होगा।

भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू

देश में अब न्यूजीलैंड के कीवीफ्रूट-कपड़े जैसे सामान सस्ते मिलेंगे, सभी भारतीय सामानों को ड्यूटी-फ्री एंट्री

नई दिल्ली एजेन्सी। भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट आज, 20 अक्टूबर से लागू हो गया है। इसके तहत न्यूजीलैंड में सभी भारतीय सामानों को 100% ड्यूटी-फ्री एंट्री मिलेगी। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड अगले 15 सालों में भारत में 20 बिलियन डॉलर यानी करीब 1.90 लाख करोड़ रुपए का निवेश भी करेगा।

यूनियन मिनिस्टर पीयूष गोयल ने इस ट्रेड एग्रीमेंट की घोषणा करते हुए बताया कि इसका मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार को मौजूदा 2.4 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर साल 2030 तक करीब 7 बिलियन न्यूजीलैंड डॉलर यानी लगभग ?38,000 करोड़ तक पहुंचाना है।



भारतीय एक्सपोर्टर्स को 100% ड्यूटी-फ्री एक्सेस

न्यूजीलैंड भारत के 100% टैरिफ लाइन्स यानी सभी प्रोडक्ट कैटेगरी पर जीरो इम्पोर्ट ड्यूटी की सुविधा दे रहा है। यह भारत के इतिहास में ऐसा पहला FTA है, जिसमें लागू होने के पहले ही दिन से सभी प्रोडक्ट्स पर पूरी तरह से ड्यूटी-फ्री एक्सेस मिला है।

इस कदम से भारतीय एक्सपोर्टर्स को होने वाला वह नुकसान खत्म हो जाएगा, जो उन्हें एफटीए से पहले लगने वाले 10% तक के टैरिफ की वजह से उठाना पड़ता था।

FTA का सीधा फायदा इन प्रमुख सेक्टर्स को मिलेगा

- लेदर और फुटवियर
- अपैरल और टेक्सटाइल
- फल और सब्जियां
- कॉफी, चाय, कोको और मसाले
- अनाज और प्रोसेस्ड फूड
- फार्मास्यूटिकल्स
- इंजीनियरिंग गुड्स
- मरीन प्रोडक्ट्स
- लास्टिक और रबर

सर्विस सेक्टर, विजा नियमों और खेती में फायदा

न्यूजीलैंड ने भारतीय सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए अपने 118 सर्विस सेक्टर्स/सब-सेक्टर्स खोल दिए हैं। इनमें आईटी, प्रोफेशनल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशन, कंस्ट्रक्शन, एजुकेशन, फाइनेंशियल सर्विसेज और टूरिज्म शामिल हैं। इससे भारतीय प्रोफेशनल्स और बिजनेस विजिटर्स के लिए आवाजाही आसान होगी...

इंट्रा-कॉरपोरेट ट्रांसफरः एक ही कंपनी के ट्रांसफर हुए कर्मचारी 3 साल तक रह सकेंगे।

बिजनेस विजिटर्स/सर्विस वर्कर्सः इक्विपमेंट इंस्टॉलेशन या सर्विसिंग करने वाले वर्कर 12 महीने की समयसीमा में मैक्सिमम 90 दिन तक स्टे कर सकेंगे।

कॉन्ट्रैक्चुअल सर्विस प्रोवाइडर्स व इंडिपेंडेंट प्रोफेशनल्सः 12 महीने तक रहने की छूट होगी।

नया टेम्परेरी एम्प्लॉयमेंट वीजाः स्कील भारतीयों के लिए एक नया वीजा पाथवे बनाया गया है, जिसके तहत 5,000 वीजा का कोटा तय किया गया है। इसमें आईटी, इंजीनियरिंग, कंस्ट्रक्शन, एजुकेशन, हेल्थकेयर के अलावा योग इंस्ट्रक्टर, शेफ, म्यूजिक टीचर और आयुष प्रैक्टिशनर्स शामिल हैं। कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए एग्रीकल्चर प्रोडक्टिविटी पार्टनरशिप की गई है। इसके तहत कीवी, सेब और शहद के लिए डेडिकेटेड एक्शन प्लान बनाकर भारत में उत्पादकता और क्वालिटी सुधारी जाएगी।

12 टीमों की भिड़ंत के बाद राधे राधे रॉयल्स बनी रोटरी रॉयल प्रीमियर लीग चैंपियन

फाइनल में ह्स्छ्ष्टस्न वॉरियर्स को 24 रन से हराया, विजेता को 1.11 लाख और उपविजेता को 55,555 रुपए की पुरस्कार राशि





बीकानेर (खबर आस पास)। शहर में क्रिकेट को नया मंच देने और स्थानीय खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित रोटरी रॉयल प्रीमियर लीग (ऋऋक्क) 2026 का समापन सरदुल क्लब क्रिकेट ग्राउंड में हुआ। रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में राधे राधे रॉयल्स ने ह्स्छ्ष्टस्न वॉरियर्स को 24 रन से हराकर खिताब जीता। समापन समारोह में महापौर अनिल कल्ला और विशिष्ट अतिथि व्यास राजेश चूरा ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता टीम को 1,11,111 रुपए और उपविजेता टीम को 55,555 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस लीग में टीमों की भागीदारी, नकद पुरस्कार और मैचों के व्यवस्थित संचालन ने इसे शहर के प्रमुख क्रिकेट आयोजनों में शामिल किया।

फाइनल में राधे राधे रॉयल्स ने बनाया 126 रन का स्कोर

खिताबी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राधे राधे रॉयल्स ने निर्धारित 15 ओवर में 126 रन बनाए। रामनिवास बिश्नोई ने 30 गेंदों पर 49 रन की पारी खेली। रूपाराम जाट ने 14 गेंदों पर 24 रन और बालकिशन नैन ने 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ह्स्छ्ष्टस्न वॉरियर्स की टीम 15 ओवर में 9 विकेट पर 103 रन ही बना सकी। शुभम पुरोहित ने 29 गेंदों पर 42 रन और विदुर ने 17 गेंदों पर 22 रन बनाए, लेकिन टीम लक्ष्य से 24 रन पीछे रह गई। फाइनल में बल्लेबाजी के प्रदर्शन के लिए रामनिवास बिश्नोई को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

खेल के साथ अनुशासन और टीम भावना पर जोर

महापौर अनिल कल्ला ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने खेलों को आपसी सद्भाव, अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का माध्यम बताया। रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स की ओर से 12 टीमों के साथ लीग आयोजित करने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अलग-अलग टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट प्रेमियों की भागीदारी ने भी खेल के प्रति शहर के उत्साह को सामने रखा।

आयोजन में तकनीकी प्रबंधन और दर्शकों की भागीदारी

लीग के दौरान मैचों के लाइव प्रसारण के लिए चार कैमरों की व्यवस्था की गई थी। राष्ट्रीय स्तर के कमेंटेटर कपिल हर्ष ने कमेंट्री की और तकनीकी अंपायर टीम ने मैचों का संचालन किया। इससे मैदान पर मौजूद दर्शकों के साथ ऑनलाइन दर्शक भी मुकाबलों से जुड़े। आयोजन ने खिलाड़ियों, क्लब सदस्यों, टीम संचालकों और प्रायोजकों को एक मंच पर लाने का अवसर दिया।

क्लब सदस्यों और प्रायोजकों का योगदान

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के सहायक प्रांतपाल आनंद आचार्य, क्लब अध्यक्ष इंजी. विपिन लड्ढा, सचिव जगदीप सिंह ओबेरॉय, कोषाध्यक्ष राजेश खत्री, आयोजन प्रभारी देवेंद्र सिंह और सह-आयोजन प्रभारी सुरेंद्र जोशी, राजेश बवेजा सहित क्लब सदस्यों ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। आयोजन में हेमंत आसोपा, मुरली पंवार, राजेश बावेजा, निवर्तमान अध्यक्ष सुनील चमड़िया (गोमा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट), अश्विनी मिड्ढा, मुकुल झाम्ब, अनिल जोशी, राजेश पारीक, डॉ. राहुल राय, राजीव अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, विनय बिस्सा, मदन सिंह, विनय हर्ष, नीरज सिंह, डॉ मनोज गौड़, डॉ राकेश माथुर, रितेश अरोड़ा, सूर्यप्रकाश राजपुरोहित, महावीर सोनी, डॉ विशाल गौड़, अजय चौधरी, नितेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राहुल पित्ती, भुवनेश अग्रवाल, मनोज करनानी, रविकांत झंवर सहित बड़ी संख्या मे रॉयल्स रोटेरियन व सहयोगियों का योगदान रहा। आयोजकों ने प्रायोजकों, खिलाड़ियों, अंपायरों, आयोजन समिति और क्रिकेट प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

बीकानेर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल

RRPL 2026 का समापन खेल भावना और आपसी सौहार्द के वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता ने स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच देने के साथ सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया। विजेता और उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार देकर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सम्मानित किया गया। आयोजन से जुड़े सदस्यों ने इसे बीकानेर में क्रिकेट गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और खेल के जरिए लोगों को जोड़ने की दिशा में एक पहल बताया।

दशहरा कमेटी भीनासर द्वारा 65 फिट के रावण का दहन किया

भीनासर (खबर आस पास)। मुरली मनोहर मैदान में पिछले 32 सालों से हर साल कमेटी के कार्यकर्त्ता खुद ही देर रात तक काम करके रावण के पुतले को आकार दिया है। जिसमे 25 से 30 कार्यकर्ता है।हरिओम सुथार ने बताया की रावण के पुतले को रिमोट से जलाया गया ।नाभि मे चकरी ओर मुँह से निकले अंगारे 15 फीट का फरसा भाला 10 फिट की ढाल ओर भी काई इलेक्ट्रिक आंतिशबाजी देखने को मिली । कमेटी के अध्यक्ष हरिओम सुथार ने प्रशासनिक सेवाओं के मिलने पर प्रशासन, पुलिस व अग्निशमन टीम,व CMHO टीम का धन्यवाद किया 7 मुख्य अतिथि- गोपीराम महाराज,



कार्यक्रम संयोजक योगेश गहलोत, विशिष्ट अतिथि- विशाल बांठिया,मोहन सुराणा,जितेन्द्र धारणिया ललित कुमार विश्नोई (CI आबकारी),त्रिलोकी जी कल्ला,लखु मास्टर,तोताराम नाई,मनोज पुगलिया, एडवोकेट शिव गहलोत,जय कुमार दफ्तरी,डॉ अशोक सोखल ,चंद्रेश तंवर,प्रदीप भाटी,चिंटू सेठिया,केशरीचंद सुथार उपस्थित रहे।

पंचायती राज आम चुनाव : तृतीय रैंडमाइजेशन में कार्मिकों को आवंटित हुए मतदान केंद्र, रिटर्निंग अधिकारियों को ग्राम पंचायतें आवंटित

जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पर्यवेक्षक श्री नवनीत कुमार रहे मौजूद

बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)। पंचायत राज आम चुनाव के पहले चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के मतदान के लिए मतदान दलों को मतदान केंद्रों और ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच के मतदान के लिए रिटर्निंग अधिकारियों को ग्राम पंचायत आवंटन के लिए तृतीय रैंडमाइजेशन मंगलवार को हुआ। एनआईसी परिसर में हुए रैंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पंचायत चुनावों के लिए नियुक्त आब्जर्वर नवनीत कुमार मौजूद रहे। प्रथम चरण में खाजूवाला, पूगल, छत्तरगढ़ और रुणिया पंचायत समिति क्षेत्र में आने वाले जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों सहित पंच और सरपंचों पदों के लिए निर्वाचन होंगे। इसके लिए मतदान दलों की रवानगी बुधवार (21 अक्टूबर) को प्रातः 7 बजे अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात राजकीय डूंगर महाविद्यालय से होगी। प्रत्येक कार्मिक को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। प्रथम चरण में 112 ग्राम पंचायतों के मतदान के लिए कुल 319 मतदान केंद्र मतदान निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल में रिटर्निंग अधिकारी के साथ पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पहले चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान 22 अक्टूबर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होगा। पंच-सरपंच पद के लिए नामांकन की नामांकन प्रक्रिया 23 अक्टूबर को तथा निर्वाचन 24 अक्टूबर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। 25 अक्टूबर को उप सरपंच का चुनाव होगा। पहले चरण में जिला परिषद के आठ सदस्यों के लिए निर्वाचन होगा। रैंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू, उपखंड अधिकारी सुश्री महिमा कसाना, जिला निर्वाचन कार्यालय में विशेषाधिकारी सुश्री स्वाति शर्मा तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संकल्प शर्मा मौजूद रहे।

पंचायत राज आम चुनाव-2026

उपनिवेशन आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10 से 11 बजे तक मिलेंगे पर्यवेक्षक नवनीत कुमार, आचार संहिता की पालना के संबंध में आमजन कर सकेंगे संपर्क

बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पंचायत राज आम चुनाव-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए उपनिवेशन आयुक्त नवनीत कुमार को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। श्री नवनीत कुमार प्रतिदिन प्रातः 10 से 11 बजे तक उपनिवेशन आयुक्त कार्यालय में आचार संहिता की पालना से जुड़ी आमजन की शिकायतों की सुनवाई करेंगे। कार्यालय के दूरभाष नंबर 0151-2226921 हैं। पर्यवेक्षक समन्वय प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की पालना के संबंध में पर्यवेक्षक के लाइजन आफिसर डॉ. रामकिशोर मेहरा के मोबाइल नम्बर 90015-61078 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

पंचायत राज आम चुनाव : जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पर्यवेक्षक नवनीत कुमार ने ली बैठक

निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों की हुई समीक्षा

बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पंचायत राज आम चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक श्री नवनीत कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आवश्यक प्रकोष्ठों का गठन कर प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी प्रकोष्ठों द्वारा उन्हें आवंटित कार्य किया जा रहे हैं। जिला परिषद के 41 सदस्यों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। पंचायत समिति सदस्यों के पहले और दूसरे चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तीसरे चरण की प्रक्रिया प्रगतिरत है। उन्होंने मतदान दलों की रवानगी सहित समस्त जानकारियां दी।

पर्यवेक्षक नवनीत कुमार ने पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर की गई तैयारियों के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। प्रत्येक मतदाता भयमुक्त और निर्बाध मतदान कर सके, इसके लिए कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने मतदान दलों की रवानगी, विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, मतदान दलों के प्रशिक्षण, मतदाता जागरूकता गतिविधियों, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी, मीडिया प्रतिनिधियों के प्रवेश पत्र जारी करने सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जाना और कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार सभी कार्यवाहियां समयबद्ध हों। साथ ही सटीक और त्वरित रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित की जाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू ने नियंत्रण कक्ष, कम्युनिकेशन प्लान सहित मतदान दलों के गठन के बारे में बताया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री बी.एल. मीना ने मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त पुलिस जाब्ते की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक जेठानंद व्यास ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति उद्यान में विधायक निधि से हुए विकास कार्यों का किया उद्घाटन



पार्क में चारदीवारी, भ्रमण पथ, ब्लॉक और गेट बनने से क्षेत्रवासियों को मिलेगी सुविधा

बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत मुक्ता प्रसाद नगर के सेक्टर नंबर 07/61ष्ठ के सामने वार्ड नंबर 17 स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति उद्यान में चारदीवारी, भ्रमण पथ, ब्लॉक और गेट निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों से पार्क की उपयोगिता बढ़ेगी और क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इस दौरान विधायक ने कहा कि पार्क के विकास से बच्चे सुरक्षित वातावरण में खेल सकेंगे, वहीं बुजुर्गों और अन्य नागरिकों को सुबह-शाम भ्रमण तथा व्यायाम के लिए और अधिक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। चारदीवारी और गेट से पार्क की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हरियाली से युक्त पार्क, क्षेत्र के पर्यावरण को बेहतर बनाने के साथ ही लोगों को तनावमुक्त वातावरण प्रदान करने में भी सहायक होते हैं। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति दे रही है। सड़क, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और शहरी विकास से जुड़े कार्यों के माध्यम से आमजन के जीवन को सुगम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले लगभग तीन वर्षों में प्रदेश में विकास और जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर किए गए प्रयास इसी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य करवाकर नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में महावीर राज सैनी, कौशल शर्मा, कोजुराम सारस्वत, सत्यनारायण बजाज, परमेश अग्रवाल, कपिल शर्मा, किशन तंवर, प्रदीप सक्सेना, सुरेंद्र शर्मा, इंदरपाल सिंह, सुरेश पंवार, प्रेम सोनी, रमेश गौड़, सत्यप्रकाश शर्मा, सुशील चौधरी, सुनीता छींपा, रेखा, वंदना सक्सेना, सोनू सोनी, सरोज शर्मा, सुनील गोयल, तरुण वर्मा, गगन भाटी, मनीष श्रीमाली, मनीष सिंह, रमेश चौहान, आसकरण ओझा, अर्जुन कुमावत, आशा आचार्य, दिनेश चौहान, प्रेम गहलोत और विशाल गोलछा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

कोटा में मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा : 3 लोग नहर में बहे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

कोटा (खबर आस पास)। जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मंगलवार शाम बड़ा हादसा हो गया। कोटड़ी नहर में नाग-नागिन मंदिर के पास श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई। हादसे के बाद तीन लोग पानी के तेज बहाव में बह गए, जबकि नाव में सवार चार लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची और नहर में लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी गई। हादसा मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे हुआ। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नाव में सात लोग सवार थे। इसी दौरान नाव पलट गई और सभी लोग पानी में गिर गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से चार लोगों को बचा लिया गया, लेकिन तीन लोग पानी में बह गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्रशासन ने संभाला मोर्चा, रेस्क्यू जारी

हादसे की सूचना मिलने पर नगर निगम की गोताखोर टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया। नहर में बहे तीनों लोगों का पता लगाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

स्कूलों में जागरूकता अभियान के बाद अब दीपावली पर खाद्य सुरक्षा विभाग चलाएगा विशेष अभियान

दूध, मावा, मिठाइयों, घी, तेल, मसालों और ड्राई फ्रूट के लिए जाएंगे नमूने, मिलावट पर होगी सख्त कार्रवाई

(खबर आस पास)

बीकानेर श्रेयांस बैद,। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार प्रदेश में 3 से 16 अक्टूबर तक सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा कोचिंग सेंटरों में 'ईट राइट हेल्दी राजस्थान' अभियान चलाया गया। इसके तहत बीकानेर जिले में भी 50 से अधिक सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा कोचिंग सेंटरों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।

अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि अभियान के दौरान 22,300 से अधिक छात्र-छात्राओं को पौष्टिक आहार के महत्व तथा फास्ट फूड से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को स्वस्थ खानपान अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।

दीपावली पर मिलावटखोरी के खिलाफ विशेष अभियान

डॉ. साध ने बताया कि नवरात्रि और दीपावली के त्योहारों को देखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों के निरीक्षण एवं नमूनीकरण का सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण और नमूने लेने की कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों, मसालों, मिठाइयों, घी, तेल, मावे तथा ड्राई फ्रूट के नमूने प्राथमिकता से लिए जाएंगे।

खाद्य अनुज्ञा पत्र प्रदर्शित करना अनिवार्य

डॉ. साध ने सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने प्रतिष्ठान पर खाद्य अनुज्ञा पत्र अथवा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। जिन कारोबारकर्ताओं ने अभी तक खाद्य अनुज्ञा पत्र या पंजीकरण नहीं करवाया है, वे तत्काल आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें। ऐसा नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत धारा 58 एवं 63 में कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य निर्माताओं को अपने प्रतिष्ठानों में फूड हैंडलर्स का मेडिकल रिकॉर्ड, पानी की जांच रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट तथा खाद्य उत्पादों की पिछले छह माह की जांच रिपोर्ट की फाइल संधारित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सिंथेटिक रंगों और मिलावटी मावे पर होगी सख्ती

खाद्य सुरक्षा विभाग ने फास्ट फूड एवं स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को किसी भी प्रकार के सिंथेटिक खाद्य रंगों का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी है। निर्देशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मावे का कारोबार करने वालों को मिलावटी एवं फफूंद लगा मावा संग्रहित नहीं करने तथा उसका भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। मावे को अखबार के कागज में रखने पर भी रोक संबंधी हिदायत दी गई है। पनीर, मावा, दूध एवं दूध से बनी मिठाइयों जैसे शीघ्र खराब होने वाले खाद्य पदार्थों का परिवहन कोल्ड चेन बनाए रखते हुए करने को कहा गया है।

विभाग ने कचौड़ी, समोसे, पकौड़े आदि खाद्य पदार्थों को अखबार अथवा रंगीन कागज में परोसने से बचने तथा प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए हैं।

ये खाद्य सुरक्षा अधिकारी करेंगे कार्रवाई

जिले में खाद्य पदार्थों के निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्रवण कुमार वर्मा, भानू प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार गोदारा, निशान्त चारण, सोना रानी, ममता सोनगरा, इंद्र प्रकाश ढाका तथा महावीर मेघवाल द्वारा की जाएगी। विभाग का उद्देश्य त्योहार के दौरान आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है

11 दिनों तक एक ही छत्त के नीचे होगा पांच कथाओं का वाचन

रासलीला के कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति,पोस्टर विमोचित



बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर में पहली बार एक ही छत्त के नीचे पांच अलग अलग कथाओं का वाचन किया जाएगा। 11 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन में वृन्दावन की ब्रज मंडली की ओर रासलीला का मंचन भी होगा। जिसके पोस्टर का विमोचन मंगलवार को बाहेती भवन में पंडित जुगल किशोर ओझा पुजारी बाबा,व्यवसायी जगतनारायण कल्ला,कन्हैयालाल जोशी व राजेश चूरा के द्वारा किया गया। सेवन स्टार फाउण्डेशन एवं सनातन मित्रमंडल के तत्वाधान में ओझा सत्संग भवन 2 में होने जा रहे इस आयोजन से एक दिन पहले कलश यात्रा निकाली जाएगी। फाउण्डेश के सीए महेन्द्र चूरा ने बताया कि 22 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक दोपहर 12:15 से 5:15 बजे तक पांच प्रकार की कथाओं का वाचन अलग अलग पंडितों द्वारा किया जाएगा। 22 व 23 दिसम्बर को श्रीमद् देवी भागवत कथा का वाचन पंडित श्रीगोपाल नारायण व्यास करेंगे। वहीं 24 व 25 दिसम्बर को पंडित आशाराम व्यास के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। 26 व 27 दिसम्बर को पंडित सजय व्यास श्रीराम कथा,28 व 29 दिसम्बर को पंडित लक्ष्मीकांत व्यास कोलकता वाले श्री बाबा रामदेव चरित कथा तथा 30 व 31 दिसम्बर को पंडित मुरली मनोहर व्यास द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। चूरा ने बताया कि 23 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक शाम 7 से 10 बजे तक वृंदावन की ब्रज मंडली रासलीला करेगी।

निकलेगी कलश यात्रा,होगा सुन्दरकांड पाठ का आयोजन

चूरा ने बताया कि 11 दिवसीय पंच पावन कथा महोत्सव का आगाज कलश यात्रा से किया जाएगा। कलश यात्रा दम्माणी चौक स्थित बड़ा गोपाल मंदिर से रवाना होगी। जो मून्दड़ा चौक,हर्षो का चौक,रत्ताणी व्यासों का चौक, सदाफते, बारह गुवाड़,नत्थूसर गेट होती हुई ओझा सत्संग भवन पहुंचेगी। कलश यात्रा के दौरान जगह जगह स्वागत सत्कार किया जाएगा। कलश यात्रा के उपरान्त शाम 6 बजे बीकानेर मानस परिवार की ओर से संगीतमय सुन्दकांड पाठ का आयोजन होगा। जिसकी पूर्णाहुति पर पूनरासर हनुमान मंदिर परिवार की ओर से महाआरती होगी।

कथा महोत्सव में मिलेगा साधु-संतों का सान्निध्य

कथा महोत्सव के दौरान अनेक साधु संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा। इस दौरान काशी करपात्री धाम के अधिष्ठाता सर्वेश्वरानंद महाराज,सागर आश्रम बीकानेर के अधिष्ठाता श्रीधरानंद सरस्वती महाराज नवलेश्वर मठ के अधिष्ठाता शिव सत्यनाथ महाराज,राष्ट्रीय संत सरजूदास महाराज, शिवबाड़ी मंदिर के अधिष्ठाता विमर्शानंद महाराज, गायत्री पीठ सागर के अधिष्ठाता रामेश्वरानंद महाराज,मुरली मनोहर धोरा के श्यामसुंदर महाराज,बाल संत छैल बिहारी महाराज भी उपस्थित रहेंगे। कथा की पूर्णाहुति के बाद 31 दिसम्बर को महाप्रसादी का आयोजन किया गया है।

पोस्टर का विमोचन

कथा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन अवसर पर आयोजन से जुड़े दाऊलाल व्यास, बृजराज जोशी, बुलाकीदास व्यास, गोविन्दनारायण चूरा, श्याम सुंदर व्यास,महीधर नारायण पुरोहित,कमल, कुनाल डागा,निर्मल कुमार दम्माणी,देवकिशन चांडक,गोरधन बिन्नाणी,पं सुशील किराडू,पंडित अशोक किराडू,राजेन्द्र किराडू, राधेश्याम सोनी,विनोद सोनी, घनश्याम सोनी,नंद किशोर चांडक,हरगोपाल पुरोहित, कमल नारायण पुरोहित, हरिनारायण चूरा, सुरेन्द्र कुमार चूरा,कैलाश राठी, रामकुमार अग्रवाल, अशोक आचार्य,नरेश पुरोहित, अशोक बिस्सा,भंवर उपाध्याय, वीरेन्द्र किराडू, गोविन्द व्यास,इन्द्र जोशी, महावीर सांखला,संतोष पुरोहित, राजेन्द्र व्यास,श्रीकांत व्यास,राजकुमार व्यास, बालकिशन व्यास सहित अनेक जने मौजूद रहे।11 दिनों तक एक ही छत्त के नीचे होगा पांच कथाओं का वाचन

रासलीला के कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति,पोस्टर विमोचित

बीकानेर। बीकानेर में पहली बार एक ही छत्त के नीचे पांच अलग अलग कथाओं का वाचन किया जाएगा। 11 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन में वृन्दावन की ब्रज मंडली की ओर रासलीला का मंचन भी होगा। जिसके पोस्टर का विमोचन मंगलवार को बाहेती भवन में पंडित जुगल किशोर ओझा पुजारी बाबा,व्यवसायी जगतनारायण कल्ला,कन्हैयालाल जोशी व राजेश चूरा के द्वारा किया गया। सेवन स्टार फाउण्डेशन एवं सनातन मित्रमंडल के तत्वाधान में ओझा सत्संग भवन 2 में होने जा रहे इस आयोजन से एक दिन पहले कलश यात्रा निकाली